तुर्की-अजरबैजान में ऑपरेशन सिंदूर!

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल चार दिवसीय दौरे पर आर्मेनिया पहुंचे



येरेवन/नई दिल्ली,02 फरवरी. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का खुला समर्थन करने वाले तुर्की और अजरबैजान को भारत ने रणनीतिक जवाब देने की तैयारी कर ली है.

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान चार दिवसीय दौरे पर आर्मेनिया पहुंचे हैं, जहां भारत के साथ रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देने पर चर्चा होनी है . ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के सेना की पहचान विश्व के देशों में ताकत के रूप अब होने लगी है. पिनाका के बाद ब्रह्मोस मिसाइल डील की संभावना ने तुर्की और अजरबैजान की चिंता बढ़ा दी है. येरेवन-भारत और आर्मेनिया के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय भारतीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आर्मेनिया पहुंचा है. यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की और अजरबैजान द्वारा पाकिस्तान को दिए गए समर्थन के बाद क्षेत्रीय समीकरण तेजी से बदल रहे हैं.

रक्षा रिश्तों में नई धार

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आर्मेनिया पहुंचे हैं. येरेवन में भारतीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल का स्वागत आर्मेनियाई सैन्य नेतृत्व ने किया, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास का संकेत है. भारत ने आर्मेनिया को गाइडेड पिनाका रॉकेट्स की पहली खेप भेजी है, जिससे यह देश इस स्वदेशी मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम का पहला निर्यात ग्राहक बना. ऐसे समय में यह दौरा रक्षा तकनीक, संयुक्त प्रशिक्षण, और दीर्घकालिक सुरक्षा सहयोग को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है.

तीन दिन की अमेरिका यात्रा पर रहेंगे जयशंकर

नई दिल्ली. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सोमवार से तीन दिन की अमेरिका यात्रा पर रहेंगे. विदेश मंत्रालय ने बताया कि डा जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के निमंत्रण पर अमेरिका जा रहे हैं. वहां वह श्री रूबियो द्वारा महत्वपूर्ण खनिजों के बारे में बुलाई गयी विशेष बैठक में हिस्सा लेंगे. इस बैठक में आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, स्वच्छ ऊर्जा व खनिजों में रणनीतिक संचालन जैसे मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जायेगी. भारतीय विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रशासन के अनेक वरिष्ठ सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे.

भारत-ईयू डील से पाक में नौकरी संकट

▶ एफटीए से टेक्सटाइल सेक्टर को अरबों का झटका

इस्लामाबाद, 02 फरवरी. भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच हुए ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट ने दक्षिण एशिया के व्यापार संतुलन को पूरी तरह बदल कर रख दिया है. जहां इस समझौते को भारत के लिए बड़ी आर्थिक जीत माना जा रहा है.

वहीं पाकिस्तान में इसे गहरे संकट की आहट के रूप में देखा जा रहा है. पाकिस्तानी नेताओं और उद्योग जगत का दावा है कि इस डील के चलते देश में करीब 1 करोड़ नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं और अरबों डॉलर के निर्यात नुकसान की आशंका है. अब तक पाकिस्तान को यूरोपीय बाजार में जीएसपी प्लस योजना के तहत विशेष रियायतें मिलती थीं, जिससे उसके अधिकांश उत्पाद बिना टैक्स के ईयू में पहुंचते थे. खासकर टेक्सटाइल और रेडीमेड कपड़ों में पाकिस्तान को भारत पर स्पष्ट बढ़त हासिल थी. लेकिन भारत -ईयू एफटीए के बाद भारत को भी लगभग वही टैक्स-फ्री पहुंच मिलने जा रही है, जिससे पाकिस्तान की यह रणनीतिक बढ़त लगभग खत्म मानी जा रही है. पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री से लेकर टेक्सटाइल उद्योग संगठनों तक, सभी ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर तत्काल सुधार नहीं किए गए, तो यूरोपीय बाजार में पाकिस्तान की पकड़ कमजोर हो सकती है. भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच हुए इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है.

> यह समझौता दुनिया की लगभग 25 फीसदी वैश्विक जीडीपी और करीब 2 अरब उपभोक्ताओं वाले साझा बाजार का निर्माण करता है. इस डील के तहत भारत के करीब 95 प्रतिशत लेबर-बेस्ड उत्पादों को यूरोप में बिना टैक्स पहुंच मिलेगी, जिससे भारत का टेक्सटाइल, लेदर और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और मजबूत होगा. पाकिस्तान की चिंता इसलिए बढ़ गई है क्योंकि उसकी जीएसपी प्लस सुविधा 2027 में खत्म होने वाली है. अगर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया, तो उसे यूरोपीय बाजार में मिलने वाली टैक्स छूट पूरी तरह समाप्त हो सकती है.

बंगलादेश में भ्रष्टाचार के मामले में शेख हसीना को 10 साल की सजा

ढाका, 02 फरवरी. बंगलादेश की एक विशेष अदालत ने राजधानी ढाका की राजुक न्यू टाउन परियोजना में भूखंड आवंटन से जुड़ी कथित अनियमितताओं के दो अलग-अलग भ्रष्टाचार मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके भतीजे रादवान मुजीब सिद्दीक तथा भतीजियों ट्यूलिप रिज़वाना सिद्दीक और अजमीना सिद्दीक सहित अन्य आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है. ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है. रिपोर्ट के अनुसार, ढाका के विशेष न्यायाधीश की अदालत-4 के न्यायाधीश रबिउल आलम ने फैसला सुनाते हुए शेख हसीना को कुल 10 वर्ष की कारावास की सजा दी. उन्हें दोनों मामलों में पांच-पांच वर्ष की सजा सुनाई गयी है. ट्यूलिप सिद्दीक को चार वर्ष की कैद (प्रत्येक मामले में दो-दो वर्ष) की सजा दी गयी, जबकि रादवान मुजीब सिद्दीक और अज़मीना सिद्दीक को दोनों मामलों में सात-सात वर्ष की कारावास की सजा सुनायी गयी है.

ट्रम्प को ईरान के साथ समझौते की उम्मीद

आयतुल्लाह खामेनेई ने युद्ध के खिलाफ दी चेतावनी

तेहरान/वाशिंगटन, 2 फरवरी. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ समझौता होने की उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है.

श्री ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किये हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है. श्री ट्रम्प ने कहा-हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किये हैं. उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे. अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जायेगा कि वह सही थे या नहीं. श्री ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया जब श्री खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी.

दुनिया के सबसे बड़े आर्च निर्माण का समर्थन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी वॉशिंगटन, डीसी में दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च (स्मारक द्वार) के निर्माण के प्रस्ताव का समर्थन किया है. श्री ट्रंप ने रविवार को एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि आर्च सबसे बड़ा हो और उन्होंने अमेरिका को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बताया. उन्होंने कहा, 200 वर्षों के लिए वह एक आर्च बनाना चाहते थे व राजधानी के स्वरूप को बदलने के अपने दृष्टिकोण के बारे में भी बताया.

लॉर्ड मैंडेलसन ने एपस्टीन से संबंधों को लेकर इस्तीफा दिया

लंदन, 02 फरवरी. ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमेरिका में पूर्व राजदूत लॉर्ड पीटर मैंडेलसन ने दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने पिछले संबंधों के बारे में नए खुलासे के बाद सत्तारुढ़ लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गयी है. रिपोर्ट के अनुसार मैंडेलसन कहा कि उन्होंने लेबर सरकार को और शर्मिंदगी से बचाने के लिए पार्टी छोड़ने का फैसला किया. उन्होंने एपस्टीन के साथ अपने संबंधों की जानकारी देने वाले ईमेल सामने आने के बाद पिछले साल अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के पद से इस्तीफा दिया.

साध्वी प्रेम बाईसा की मौत पर मोबाइल पासवर्ड ने बढ़ाया सस्पेंस

जोधपुर, 02 फरवरी. राजस्थान के जोधपुर में साध्वी प्रेम बाईसा की मौत अब एक रहस्यमयी पहेली बनती जा रही है.

28 जनवरी को हुई इस मौत को लेकर अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह प्राकृतिक थी या इसके पीछे किसी साजिश का हाथ है. रविवार को इस मामले की जांच उस वक्त और उलझ गई, जब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की पूछताछ के दौरान साध्वी के पिता वीरमनाथ ने मोबाइल फोन के पासवर्ड बताने से इनकार कर दिया. एसीपी कार्यालय में डीसीपी, एडीसीपी और एसआईटी प्रमुख छवि शर्मा की अगुवाई में करीब तीन घंटे तक पूछताछ चली. इस दौरान पिता वीरमनाथ, मामा गंगाराम और आश्रम के केयरटेकर सुरेश से विस्तार से सवाल-जवाब किए गए. जांच का मुख्य फोकस साध्वी के तीन मोबाइल फोन हैं, जिनमें दो आईफोन और एक सैमसंग फोन शामिल हैं. पुलिस का मानना है कि इन फोन में कॉल डिटेल्स, चैट्स या अन्य डिजिटल सबूत हो सकते हैं, जो मौत के कारणों से पर्दा उठा सकते हैं. इससे पहले एफएसएल टीम ने आरती नगर स्थित आश्रम का दोबारा निरीक्षण कर अतिरिक्त सैंपल जुटाए. वहीं पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान भी आश्रम पहुंचे.

यूपी देश का सबसे तेजी से बढ़ता राज्य

▶ सिंगापुर कंपनी एपी मोलरमार्स्क के प्रमुख ने योगी से की मुलाकात

लखनऊ, 02 फरवरी. सिंगापुर स्थित विश्व की अग्रणी इंटीग्रेटेड कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर-मार्स्क के मैनेजिंग डायरेक्टर रेने पील पेडरसन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की.

उत्तर प्रदेश में निवेश के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई. बैठक में पेडरसन के साथ विवेक शर्मा, हेड-बिजनेस डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अफेयर्स भी उपस्थित रहे. प्रदेश में उपलब्ध व्यापक निवेश संभावनाओं, उद्योग-अनुकूल माहौल और राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया.

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में शामिल है और यहां निवेशकों के लिए सुरक्षित, स्थिर और पारदर्शी वातावरण सुनिश्चित किया गया है. उन्होने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम, समयबद्ध स्वीकृतियां, नीति-आधारित प्रोत्साहन और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के माध्यम से सरकार निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान कर रही है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहा व्यापक एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स हब, औद्योगिक कॉरिडोर और आधुनिक अवसंरचना उत्तर प्रदेश को एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना रहे हैं.

एयर इंडिया ने बोइंग 787 विमान को सेवा से बाहर किया

▶ पायलट ने की फ्यूल कंट्रोल स्विच में खराबी की शिकायत

नई दिल्ली, 02 फरवरी. एयर इंडिया के एक पायलट ने सोमवार को एक बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल स्विच में खराबी की शिकायत के बाद संबंधित विमान को सेवा से बाहर कर दिया है.

सूत्रों ने बताया कि यह पायलट उड़ान संख्या एआई 132 लेकर लंदन से बेंगलुरु आया था. आज बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसने फ्यूल स्विच में खराबी की शिकायत की. एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया, हमें इस बात की जानकारी है कि हमारे एक पायलट ने एक बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में संभावित खराबी की जानकारी दी थी. इस प्राथमिक जानकारी के बाद हमने संबंधित विमान को सेवा से बाहर कर दिया है. बयान में कहा गया है कि वह विमान बनाने वाली कंपनी से प्राथमिकता के आधार पर इसकी जांच करायेगी. इसके बारे में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को भी जानकारी दे दी गयी है. उल्लेखनीय है कि पिछले साल 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की प्राथमिक जांच में पाया गया था कि फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद होने के कारण इंजन तक ईंधन की आपूर्ति नहीं होने से यह हादसा हुआ था.

केजरीवाल ने शांति-करुणा के लिए की प्रार्थना

गोवा के कलांगुट स्थित सेंट एलेक्स चर्च का किया दौरा

गोवा, नई दिल्ली 02 फरवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोवा दौरे के दौरान कलांगुट स्थित सेंट एलेक्स चर्च में प्रार्थना कर शांति, करुणा और समावेशी विकास के लिए आशीर्वाद लिया.

केजरीवाल ने अपने संदेश में समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव के महत्व पर जोर दिया. केजरीवाल ने रविवार को गोवा के कलांगुट स्थित सेंट एलेक्स चर्च का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने शांति, करुणा और समावेशी विकास के लिए प्रार्थना की.

> चर्च यात्रा के बाद केजरीवाल ने एक्स लिखा कि वह समाज में सद्भाव और आपसी सम्मान के रास्ते पर चलने के लिए आशीर्वाद लेने पहुंचे थे. केजरीवाल ने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविधता और आपसी भाईचारे में निहित है. उन्होंने सभी नागरिकों से धर्म, जाति और भाषा से ऊपर उठकर एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से रहने की अपील की. आम आदमी पार्टी लंबे समय से सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसरों की राजनीति को प्राथमिकता देती रही है और केजरीवाल का यह संदेश उसी विचारधारा को दर्शाता है.

अयोध्या राम मंदिर में अब पास के जरिए ही हो सकेंगे दर्शन

अयोध्या, 02 फरवरी. अयोध्या राम मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं की लंबे समय से यह इच्छा रही है कि परिसर में बने सभी देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों के मंदिरों के दर्शन कब से शुरू होंगे.

अब राम भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी है. राम मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन व्यवस्था में बदलाव करते हुए 15 फरवरी से संपूर्ण दर्शन शुरू करने की रूपरेखा तैयार कर ली है, जिससे श्रद्धालु पूरे मंदिर परिसर के दर्शन कर सकेंगे. अयोध्या राम मंदिर में अब पास के जरिए भी भक्त दर्शन कर सकते हैं।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है. प्रतिदिन लाखों की संख्या में राम भक्त अयोध्या पहुंचकर प्रभु राम के दर्शन-पूजन कर रहे हैं और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं. अब राम मंदिर से जुड़ी एक और अहम और सुखद खबर सामने आई है. राम भक्तों को जल्द ही मंदिर परिसर में बने सभी देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों के मंदिरों के संपूर्ण दर्शन का अवसर मिलने जा रहा है.

मेनोपॉज के लक्षणों को अनदेखा न करें

▶ मेनोपॉज सोसाइटी का पदस्थापना समारोह आयोजित

नागपुर, 02 फरवरी. मेनोपॉज सोसाइटी नागपुर का पदस्थापन समारोह रविवार, 1 फरवरी 2026 को होटल सेंटर पॉइंट, रामदासपेठ, नागपुर में गरिमामय वातावरण में हुआ.

इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक उपस्थित थे. डॉ. प्रगति खलतकर को 2025-27 कार्यकाल के लिए अध्यक्ष तथा डॉ. भक्ति गुर्जर को मानद सचिव के रूप में औपचारिक रूप से पदस्थापित किया गया. समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति जयस्वाल (सचिव जनरल-इलेक्ट, इंडियन मेनोपॉज सोसाइटी) रहीं. इसके पश्चात अध्यक्षीय भाषण रिडिफाइन मिडलाइफ डॉ. प्रगति खलतकर द्वारा प्रस्तुत किया गया. उन्होंने कहा कि मेनोपॉज के दौरान होने वाले लक्षण जैसे मूड स्विंग, हॉट फ्लैशेज, शरीर में दर्द, अवसाद, थकान, कमजोरी एवं अनिद्रा जैविक कारणों से होते हैं, न कि केवल मनोवैज्ञानिक कारणों से. हार्मोन की कमी महिला के व्यवहार, जीवन एवं पारिवारिक वातावरण को प्रभावित करती है. उन्होंने परिवारजनों एवं विशेषकर पति को भी परामर्श प्रक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा लक्षणों को हल्के में न लेने की अपील की. साथ ही उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से एक बुजुर्ग महिला को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का आग्रह किया.

आज का इतिहास

1760 - सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर के युद्ध में निजाम को बुरी तरह हराया।
1815 - विश्व में पनीर उत्पादन का पहला कारखाना स्विटजरलैंड में खोला गया।
1916 - बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की शुरुआत।
1925 - भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा मुम्बई से कुर्ला के बीच शुरू।
1934 - पहली बार हवाई जहाजों से पार्सल भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। जो लुफ्थांसा के नाम से जाना जाता है।
1938 - प्रसिद्ध भारतीय फ़िल्मि अभिनेत्री वहीदा रहमान का जन्म।

एक नजर में

ईयू सैन्य बल आतंकवादी संगठन किया घोषित

तेहरान, 02 फरवरी. ईरान की संसद ने अपने देश के धार्मिक अर्धसैनिक बल, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को औपचारिक रूप से ब्लैकलिस्ट करने संबंधी यूरोपीय संघ (ईयू) के फैसले के बाद ईयू सदस्य देशों सशस्त्र बलों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है. आईआरजीसी के प्रवक्ता मोहम्मद बागर ग़ालिबफ़ ने ईरान के जवाबी कार्रवाई अधिनियम के अनुच्छेद सात का हवाला देते हुए कहा कि यह कदम ईयू की कार्रवाई के सीधे जवाब में उठाया गया है. गालिबफ ने कहा, ईयू की ओर से आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित करने के जवाब में ईयू देशों के सशस्त्र बलों को आतंकवादी समूह घोषित किया गया है.

न्यूयॉर्क शहर में ठंड से 14 लोगों की मौत

न्यूयॉर्क, 02 फरवरी. न्यूयार्क में पिछले हफ्ते खुले में रहने के कारण ठंड की वजह से 14 लोगों की मौत हो गयी है .महापौर जोहरान ममदानी ने रविवार को इस बात की पुष्टि की. स्थानीय मीडिया ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आठ लोगों की मौत बहुत अधिक ठंड लगने से हुई थी. 25 जनवरी को आये भीषण बर्फीले तूफान में रिकॉर्ड तोड़ बर्फबारी से सड़कें और फुटपाथ कीचड़ भरे मलबे में तब्दील हो गये. श्री ममदानी ने कहा कि अब तक 670 लाख पाउंड बर्फ पिघल चुका है और इसे हटाने के लिए 1880 लाख पाउंड नमक का इस्तेमाल किया गया है. बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिये नये उपाय भी अपनाये गये हैं. बेघर लोगों के लिए नये एक कमरे वाले आश्रय गृह खोले जायेंगे. न्यूयॉर्क शहर के पांचों नगरों में लोगों के लिए वार्मिंग आश्रय गृह भी खुले हुए हैं. इसके साथ ही पूरे शहर में 20 वार्मिंग बसें भी खड़ी की गयी हैं. ये ऐसी बसें हैं, जिनमें ठंड से बचने के लिए लोग शरण ले सकते हैं.

25 एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट

हजारीबाग, 03 फरवरी. झारखंड के हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर आज चौपारण थाना अंतर्गत ग्राम ढोडिया सहित अंजन के विभिन्न इलाकों में पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग 25 एकड़ में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को चिन्हित कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान घटनास्थल से 6 डिलीवरी पाइप भी बरामद किए गए, जिन्हें वहीं नष्ट कर दिया गया.

मुलाकात ▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी

केंद्र और राज्य सरकार के बीच मजबूत तालमेल

नई दिल्ली, 02 फरवरी. हरियाणा के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की.

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब केंद्र सरकार का हालिया बजट देश को 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर ले जाने के रोडमैप के रूप में देखा जा रहा है. प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इस भेंट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गईं, जो केंद्र और राज्य सरकार के बीच मजबूत तालमेल को दर्शाती हैं. मुख्यमंत्री सैनी ने इस मुलाकात को सकारात्मक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि हरियाणा में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और भविष्य की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई.

> हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भर, समावेशी और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने वाला बजट बताया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है, बल्कि सामाजिक संतुलन और सम्मान की भावना भी सुदृढ़ हो रही है. यह मुलाकात हरियाणा के विकास पथ को और गति देने वाली मानी जा रही है.

त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल ने दिए निर्देश

जयपुर, 02 फरवरी. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को यहां नियमित जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारण करने, उसके बाद उस पर कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा समाधान में कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिये.

श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन कर रही है, ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण राहत दी जा सके. हमारी नीतियों और नीयत के केन्द्र में लोक कल्याण ही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसेवा की भावना के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, राजस्व, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना.